# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

---

शुक्रवार, तिथि २१ फरवरी १९७५

---

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान-सभा का कार्य विवरण।

सभा का अधिवेशन पटना के सभा-सदन में मंगलवार, तिथि २१ फरवरी १९७५ को पूर्वाह्न ९ बजे सभापति श्री राधानन्दन झा के सभापतित्व में प्रारम्भ हुआ।

---

## अल्प-सूचित प्रश्नोत्तर :

### शीतलहरी से बचाव।

२। श्री भोला सिंह—क्या मंत्री, राजस्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में शीतलहरी से लगभग १००० (एक हजार) व्यक्ति मर गये हैं;

(२) क्या यह बात सही है कि सरकार ने शीतलहरी से गरीब लोगों को बचाने के लिये इनके बीच कम्बल तथा दूसरे सामानों का वितरण कराया है;

(३) क्या यह बात सही है कि उनके ठहरने के लिए राज्य के विभिन्न शहरों के धर्मशालाओं में जगहों की व्यवस्था करने के लिये जिला पदाधिकारियों को आदेश दिये गये हैं;

(४) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार ने अबतक कितने कम्बल तथा कितने लोगों को ठहराने की व्यवस्था की है एवं कितने रुपये इस मद में खर्च हुए हैं ?

*श्री केदार पाण्डेय—(१) उत्तर नकारात्मक है। लेकिन कुछ लोग मरे हैं उसकी सूची अभीतक हमलोगों को नहीं मिल सकी है।

Bihar Legislature Library
No.........
Date.........